Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite the work of Chhitauni-Tamkuhi rail project in Kushinagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान कुशीनगर क्षेत्र की अति महत्वपूर्ण रेल परियोजना छितौनी-तमकोही की तरफ दिलाना चाहता हूं । लगभग एक दशक पहले उत्तर प्रदेश-बिहार सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए इस प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी । 62 किलोमीटर की इस परियोजना में अस्सी प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का काम हो चुका है और बीस प्रतिशत बाकी है, 62 किलोमीटर के कार्य में 4 किलोमीटर पर कार्य भी शुरू हो गया था और लगभग 103 करोड़ रुपये व्यय होने के बाद तीन साल पहले धन आबंटन के बिना रेल परियोजना लंबित है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश, बिहार सीमावर्ती क्षेत्र के रहने वाले लोगों के आवागमन की सुविधा को देखते हुए इस परियोजना पर पूर्णत: धन आबंटित कराकर काम पुन: शुरू कराने का कार्य करें । धन्यवाद ।